आईआईएम बेंगलोर के डायरेक्टर समेत दिग्गजों वाली जूरी ने किया चयनः

नैसकॉम–सीएनबीसी टीवी 18 अवॉर्ड के तीन फाइनलिस्ट्स में बीएसईएस भी

नई दिल्ली, 30 नवंबर, 2009। बड़े उपभोक्ताओं व ग्रिड के लिए ऑटोमैटिक मीटर रीडिंग के सफल प्रयोग को देखते हुए बीएसईएस को प्रतिष्ठित *नैसकॉम–सीएनबीसी टीवी 18 आईटी यूजर अवॉर्ड 2009* के तीन फाइनलिस्ट्स में शामिल किया गया है। फाइनलिस्ट्स में शामिल दो अन्य कंपनियां हैं– रिलायंस इंफ्रास्टक्चर और एचपीसीएल। एनर्जी और युटिलिटी श्रेणी में फाइनलिस्ट्स के तौर पर इन तीनों कंपनियों को जगह दी गई है। यह दूसरी बार है जब नैसकॉम ने बीएसईएस के आईटी प्रयोगों व उपलब्धियों को सराहा है।

आईआईएम बेंगलोर के डायरेक्टर व प्रोफेसर पंकज चंद्रा समेत कई दिग्गजों वाली जूरी ने इन अवॉर्ड्स के लिए फाइनलिस्ट्स के तौर पर इन तीनों संस्थाओं का चयन किया है। इस साल, उन संस्थाओं को फाइनलिस्ट्स के तौर पर चुना गया है, जो वैश्विक मंदी के इस दौर में अपनी कार्यक्षमता व दक्षता में सुधार लाने के लिए आईटी का प्रभावी उपयोग कर कर रही हैं। अवॉर्ड्स में उन तकनीकों पर खास तौर पर गौर किया गया है, जिनकी बदौलत घाटे में कमी आई है, बिजनेस प्रॉसेस में सुधार आया है, और साथ ही शेयरधारकों पर सकारात्मक असर पड़ा है। किसी एक आईटी प्रोजेक्ट पर यह अवॉर्ड नहीं दिया जा रहा, बल्कि आईटी से संबंधित कई पहल के लिए यह अवॉर्ड है, जिनसे चुनौतियों से निपटने में मदद मिली हो।

पुरस्कार के लिए संस्थाओं का चयन करने वाली जूरी के सदस्य थेः

- पंकज चंद्रा– प्रोफेसर व डायरेक्टर, आईआईएम बेंगलोर
- दिनेश कुमार– कार्यकारी निदेशक, आईटी, एनटीपीसी
- कृष्णन धवन – प्रबंध निदेशक, ओरेकल इंडिया प्रा लि
- प्रशांतो कुमार राय– प्रेजिडेंट व मुख्य संपादक, आईटीसी पब्लिकेशंस, साइबर मीडिया
- राजेश उप्पल– मुख्य महाप्रबंधक, आईटी एंड सीआईओ, मारूति सुजुकी इंडिया लि
- सुभाष श्रीवास्तव– चेयरमैन, सीए इंडिया

गहन रिसर्च और विशेषज्ञ जूरी की राय पर इन पुरस्कारों के लिए बीएसईएस समेत तीन संस्थाओं का चयन किया गया है। सभी नामित संस्थाओं को कई चरणों वाली व थकाऊ मूल्यांकन प्रकिया से गुजरना पड़ा है। पहले चरण में अंतरराष्ट्रीय कंसल्टेंसी फर्म *नील्सन* ने दर्जनों नामित कंपनियों के बारे में सूचनाएं जुटाईं। दूसरे चरण में, टॉप पर रहीं तीन कंपनियों के सीआईओ और आईटी मैनेजरों का गहन साक्षात्कार लिया गया, ताकि इस बात की विस्तृत पड़ताल की जाए कि आखिर कंपनी की आईटी स्ट्रेटजी क्या है। उसके बाद, एक–एक जानकारी को जूरी के साथ शेयर किया गया।

बीएसईएस प्रवक्ता के अनुसार, आज की तारीख में बीएसईएस के पास जबरदस्त आईटी क्षमता व दक्षता है, जो कई प्लेटफॉर्मों व तकनीकों का एकसाथ सफल संचालन कर रही है। 99.5 प्रतिशत का अपटाइम है। और, बीएसईएस के पास उत्तरी भारत में सबसे बड़ा सिंगल लोकेशन नेटवर्क है।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनी बीएसईएस अपने उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करेंः प्रशान्त दुआ
कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस– 39999870 / 9312007822

चंद्र पी कामत
कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस– 39999415 / 9350130304